कथा विश्राम के बाद चल समारोह में उमड़ा जनसैलाब, उन्हेल नगर हुआ भक्तिमय

▶ इक्कीस कन्याओं के विवाह का साक्षी बने पांडाल में मौजूद नगर का जनसमुदाय

उन्हेल। उन्हेल नगर के लिए शुक्रवार का दिवस स्वर्ण अक्षरों में अंकित हो गया। हजारों की संख्या में सनातन धर्म में आस्था रखने वाले श्रद्धालुओं के साथ विगत सात दिवस से श्रीमद् भागवत कथा का श्रवण कर रहे पशु-पक्षियों को भव पार तारने का कार्य श्रीमद् भागवत कथा समिति द्वारा आयोजित सुप्रसिद्ध कथावाचक वृन्दावनवासी परम पूज्य गोरांगी गौरी महाराज के द्वारा किया जा रहा है।

शुक्रवार को कथा पांडाल में मौजूद हर श्रोता कथा विश्राम पर भावुक हुआ तथा सम्पूर्ण वर्ण सुनी कथा को आत्मसात करने का संकल्प लिया कि कथा में हमारा संबंध श्रीमद् भागवत कथा से सीधा जुड़ गया है। यह संबंध हमें हमेशा निभाना है और कथा हमारे जीवन में कभी विश्राम नहीं लेगी। सात दिवस के प्रत्येक प्रसंग के साथ धर्म की जो ज्ञान गंगा कथा पांडाल से बह रही है, उसका आचमन हजारों की संख्या में उपस्थित धर्मप्रेमी जनमानस ने किया। इक्कीस कन्याओं के विवाह का साक्षी बने पांडाल में मौजूद नगर का जनसमुदाय सबसे पावन पुण्य कार्य का सहभागी बना। कथा विश्राम के पश्चात एस एंड एस स्टोन क्रेशर के संचालक सचिन पाटनी एवं अश्विन मारू ने चांदी के मुकुट पहनाकर दीदी जी को भेंट किए गए तथा संकल्प लिया कि सम्पूर्ण वर्षभर आगामी कथा तक इस कथा में सुनी बातों को अपने जीवन में उतारेंगे। कथा पांडाल में भाजपा जिलाध्यक्ष राजेश धाकड़ ने भंडारे में सेवा दी।

श्रीमद्भागवत कथा समिति के

सार्वजनिक सदस्यों में संरक्षक क्षेत्र विधायक डॉ. सतीश मालवीय, शांतिलाल मदारिया, गोपाल खमोरिया, विकास जायसवाल, महेश पंवार आदि शामिल रहे।

इस अवसर पर मां भवानी महिला मंडल, भोलेनाथ महिला मंडल, श्रीराम मंदिर महिला मंडल, साईनाथ महिला मंडल द्वारा भंडारे एवं शोभायात्रा में सेवाएं दी गईं।

कथा में मुख्य यजमान कथा में अजयकुमार जगदीश विश्वकर्मा आकासोदा वाले परिवार, श्रीकृष्णजी की बारात का लाभ रामचंद्र गणपत सुनेरीपरिवार शामिल रहे। समारोह में दान देने वालों के साथ सम्पूर्ण कथा में बढ़-चढ़कर लाभ लेने वाले हजारों भक्तों के साथ समस्त प्रिंट मीडिया, इलेक्ट्रॉनिक मीडिया, प्रेस क्लब, प्रेस फोरम के पत्रकारगणों को धन्यवाद प्रेषित किया और हृदय से आभार माना।

एक नजर में

तमन्ना ने राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में जीता स्वर्ण पदक

घट्टिया। खेलो एमपी यूथ गेम्स अंतर्गत लोकमान्य तिलक विद्यालय उज्जैन में 27 से 29 जनवरी तक आयोजित राज्य स्तरीय मलखंब खेल में बालिका वर्ग में विकासखंड घट्टिया की निवासी तमन्ना यादव ने अपनी टीम के साथ गोल्ड मेडल जीता। बालिका के गोल्ड मेडल जितने पर विधायक डॉ. सतीश मालवीय, जिला पंचायत उपाध्यक्ष शिवानी कुंवर सोलंकी, जनपद अध्यक्ष संगीता ईश्वर सिंह कराड़ा, खेल एवं युवा कल्याण ब्लॉक समन्वयक बलवीर सिंह पवार, मोहनलाल बंबोरिया आदि ने हर्ष व्यक्त किया।

महात्मा गांधी की पुण्य तिथि शहीद दिवस के रूप में मनाई

घट्टिया। राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की पुण्य तिथि पर शुक्रवार को ब्लॉक कांग्रेस कमेटी कार्यकर्ताओं ने महात्मा गांधी की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर शहीद दिवस के रूप में मनाई। ब्लॉक अध्यक्ष लोकेन्द्र सिंह पंवार, वीरसिंह राणा, सुरेंद्र सिंह चौहान, पदम् सिंह पटेल ब्लॉक अध्यक्ष पान बिहार, राष्ट्रीय संयोजक रेणुका गांधी, सूरे सिंह पंवार, योगेंद्र पंडिया, लक्ष्मी नारायण परमार, तेजकरण ठेकेदार, रफीक मंसूरी, महेन्द्र रंगवाल, रईस मंसूरी, राकेश सोनी, हरलाल मालवीय, कालू सोलंकी, विष्णु, जावेद पटेल, नरेंद्र मालवीय, राजेंद्र सिंह पंवार, डॉ प्रकाश सिन्दल, सहित सभी ने महात्मा गांधी को श्रद्धांजलि सूतांजलि अर्पित की।

ज्ञानपीठ परिसर में महात्मा गांधी जी की पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि दी

उज्जैन। राष्ट्रपिता महात्मा गांधी जी की पुण्यतिथि के अवसर पर भारतीय विद्यालय द्वारा श्रद्धांजलि कार्यक्रम आयोजित किया गया कार्यक्रम का प्रारंभ विद्यालयीन कुल गान और बापू का प्रिय भजन से हुआ। इसके पश्चात कार्यक्रम में गांधी जी के चित्र पर सूत माला अर्पण कर उन्हें नमन किया तथा दो मिनट का मौन रखकर उनके बलिदानों को स्मरण किया गया। इस अवसर पर विद्यालयीन शिक्षिकाओं एवं विद्यार्थियों ने गांधीजी के विचारों को व्यक्त किया। महात्मा गांधी ने सत्य और अहिंसा के बल पर देश को स्वतंत्रता दिलाई और मानवता शांति व नैतिकता का मार्ग दिखलाया सभी उपस्थित जनों ने गांधी जी के आदर्श, सत्य ,अहिंसा, स्वच्छता ,आत्मनिर्भरता और सामाजिक समरसता को अपने जीवन में अपनाने का संकल्प लिया। कार्यक्रम में भारतीय स्कूल एकेडमिक हेड डॉ. शिवा बंसल, विद्यालयीन प्राचार्य रचना श्रीवास्तव, प्राइमरी इंचार्ज मोनिका श्रीवास्तव, नुसरत जहां, महाविद्यालयीन प्राचार्य डॉ. नीलम महाडिक, चंद्रकला नाटाणी, अनीता गोयल, एकेडमिक डायरेक्टर डॉ. गिरीश पंड्या साथ ही सभी शिक्षकगण, विद्यार्थी उपस्थित रहे।

राष्ट्रीय सेवा योजना का सात दिवसीय विशेष शिविर संपन्न

माकड़ोन। शासकीय महाविद्यालय माकड़ोन में आयोजित राष्ट्रीय सेवा योजना के सात दिवसीय विशेष शिविर का समापन समारोह गरिमामय वातावरण में संपन्न हुआ। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि तहसीलदार नवीन कुंभकार रहे। विशिष्ट अतिथि के रूप में जनभागीदारी समिति अध्यक्ष कृष्णपाल सिंह झाला एवं समाजसेवी शिवनारायण पाटीदार उपस्थित रहे।

सारस्वत अतिथि स्पोर्ट ऑफिसर घनेंद्र चौधरी (शासकीय महाविद्यालय कायथा) तथा कार्यक्रम अध्यक्ष प्राचार्य डॉ. अनिल दीक्षित रहे। समारोह का शुभारंभ मां सरस्वती के पूजन से हुआ। इसके पश्चात एनएसएस स्वयंसेवकों द्वारा लक्ष्य गीत प्रस्तुत किया गया। अतिथियों का परिचय डॉ. नरेंद्र सरिया द्वारा दिया गया। शिविर का समग्र प्रतिवेदन दलनायक स्वयंसेवक अजय द्वारा प्रस्तुत किया गया। जिसमें सात दिवसीय शिविर के दौरान आयोजित गतिविधियों एवं उपलब्धियों का विवरण दिया गया।

अतिथियों ने अपने उद्बोधन में राष्ट्रीय सेवा योजना को विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास, सामाजिक दायित्वबोध एवं राष्ट्र निर्माण से जोड़ने वाला महत्वपूर्ण मंच बताया। साथ ही युवाओं को प्रशासनिक सेवाओं एवं समाजसेवा के लिए प्रेरित किया।

> अध्यक्षीय उद्बोधन में प्राचार्य डॉ. अनिल दीक्षित ने कहा कि एनएसएस शिविर विद्यार्थियों को सामाजिक यथार्थ से जोड़ते हुए उनके व्यक्तित्व एवं नेतृत्व क्षमता का विकास करते हैं। उन्होंने स्वयंसेवकों के कार्यों की सराहना की। सांस्कृतिक कार्यक्रम के अंतर्गत मालवा अंचल के लोक नृत्यों की आकर्षक प्रस्तुति दी गई, जिसे स्वयंसेविकाओं मोना, पूजा, महिमा एवं हर्षिता ने प्रस्तुत किया। संचालन एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी डॉ. नीता जाधव ने किया। अंत में स्पोर्ट ऑफिसर डॉ. नमन सारस्वत द्वारा आभार व्यक्त किया गया।

मातृशक्ति सम्मेलन का समापन

माकड़ोन। ग्राम भारती शिक्षा समिति जिला उज्जैन द्वारा संचालित सरस्वती शिशु मंदिर टुकराल तहसील माकड़ोन जिला उज्जैन में सप्त शक्ति संगम (मातृ शक्ति) सम्मेलन कार्यक्रम सम्पन्न हुआ। जिसमें मुख्य वक्ता प्रीति जाधम दुर्गा वाहिनी प्रांतीय सहसंयोजिका शाजापुर से उपस्थित रहे।

विशेष अथिति रचना शर्मा मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद जिला उज्जैन के परामर्श दीदी उपस्थित रहे। अध्यक्ष कुशाल कुंवर परिहार ग्राम पंचायत टूकराल के सरपंच उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन रंजना दीदी सरस्वती शिशु विद्या मंदिर रूपाखेड़ी ने किया। स्वागत विद्यालय की दीदी प्रेरणा नायक, अरुणा प्रजापति, किरण राठौर दीदी ने किया। शुरुआत दीप प्रज्ज्वलित कर सरस्वती वंदना के साथ हुई। बहनों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुति दी गई। रानी लक्ष्मी बाई, रानी दुर्गावती, महारानी

अहिल्या बाई के वेश भूषा में उनके जीवन परिचय के बारे में जानकारी दी गई। मुख्य वक्ता प्रीति जाधम के द्वारा कुटुंब प्रबोध के विषय पर मातृ शक्ति को परिवार में बच्चों को हमारी संस्कृति और संस्कार से जोड़ना अति आवश्यक है नहीं तो इसका परिणाम समाज को भुगतान पड़ेगा। समाज को जातियों में न बंटकर एकजुट रहने का संकल्प दिलाया। विशेष अतिथि रचना शर्मा दीदी द्वारा मातृ शक्ति को पर्यावरण संरक्षण के बारे में जानकारी दी गई। इस अवसर पर अर्जुन मंडलोई, अरुणा प्रजापति, किरण राठौर, प्रधानाचार्य रामकिशन शर्मा उपस्थित रहे। आभार विद्यालय के दीदी प्रेरणा नायक द्वारा किया गया। कार्यक्रम के संयोजक प्रधानाचार्य रामकिशन शर्मा ने जानकारी प्रदान की।

सामूहिक विवाह में 82 जोड़े परिणय सूत्र में बंधे

▶ उज्जैन में निरंकारियों ने किया पौधों का संरक्षण

उज्जैन। निरंकारी भक्तों द्वारा विक्रम विश्वविद्यालय में रोपे गए पौधों का संरक्षण किया गया। उन्हें पानी देकर आसपास को खरपतवार हटाई ओर उन्हें जीवंत रूप दिया। वही निरंकारी सतगुरु माता सुदीक्षा जी महाराज एवं निरंकारी राजपिता जी के पावन सान्निध्य में महाराष्ट्र में 82 जोड़ो का विवाह सम्पन्न हुआ।

जानकारी देते उज्जैन मुखी त्रिलोक बेलानी ओर मीडिया सहायक विनोद गज्जर ने बताया कि निरंकारी सतगुरु माता सुदीक्षा जी महाराज एवं निरंकारी राजपिता जी के पावन सान्निध्य में मंगलवार, 27 जनवरी को आयोजित भव्य सामूहिक विवाह समारोह महाराष्ट्र सहित देश के विभिन्न क्षेत्रों में आयोजित किया गया 82 जोड़े वैवाहिक बंधन में बंधे। यह समारोह महाराष्ट्र के 59वें वार्षिक निरंकारी संत

समागम के विधिवत समापन के उपरांत, सांगलवाड़ी (सांगली) स्थित समागम स्थल पर आयोजित किया गया। वही उज्जैन में विक्रमादित्य विश्वविद्यालय में रोपे गए पौधों के आसपास की खरपतवार हटा कर उन्हें संरक्षित किया गया। वही सामूहिक विवाह कार्यक्रम में पारंपरिक जयमाला के साथ-साथ निरंकारी विवाह की विशेष पहचान सांझा-हार भी प्रत्येक जोड़े को मिशन के प्रतिनिधियों द्वारा पहनाया गया।

निरंकारी सतगुरु माता सुदीक्षा महाराज एवं निरंकारी राजपिता ने अपने पावन आशीर्वचनों में सतगुरु माता सुदीक्षा महाराज ने नवविवाहित वर-वधुओं को शुभकामनाएं दीं। इस शुभ अवसर पर महाराष्ट्र के सांगली, सातारा, कोल्हापुर, सोलापुर, धाराशिव, मुंबई, ठाणे, पुणे, डोंबिवली, पालघर, छत्रपति संभाजीनगर, अहिल्यानगर, धुले, जलगांव, नासिक, लातूर, बीड, परभणी, नागपुर, वर्धा, गोंदिया, रत्नागिरी एवं सिंधुदुर्ग; उत्तर प्रदेश के गोरखपुर, गाजीपुर एवं प्रयागराज (इलाहाबाद); कर्नाटक के बेलगावी एवं उडुप्पी (कोंडापुर); तथा छत्तीसगढ़ के अंबिकापुर (सरगुजा) सहित विभिन्न स्थानों से कुल 82 युगल सम्मिलित हुए। सामूहिक विवाह के उपरांत सभी के लिए समागम स्थल पर भोजन की समुचित व्यवस्था की गई थी।

नागदाह अग्निहोत्री ब्राह्मण समाज बड़नगर युवा संगठन कार्यकारिणी का गठन

बड़नगर। स्थानीय सियाराम आश्रम पर बुधवार को नागदाह अग्निहोत्री ब्राह्मण समाज की युवा संगठन की कार्यकारिणी का गठन किया गया एवं सामाजिक बैठक के साथ सहभोज सम्पन्न हुआ। उक्त बैठक में अतिथि समाज के संरक्षक मदनलाल शर्मा, भरतलाल शर्मा, सुरेशचन्द्र व्यास, महेन्दकुमार शर्मा एवं अध्यक्ष सुनील मंडलोई के आतिथ्य में हुई। इस बैठक में समाज के नवयुवक संगठन के अध्यक्ष सुशील शर्मा द्वारा नवीन कार्यकारिणी का विस्तार करते हुए नवीन कार्यकारिणी के संरक्षक ओमप्रकाश व्यास, महेश भट्ट मार्ग दर्शक लौकेन्द्र अग्निहोत्री, दिनेश शर्मा, उपाध्यक्ष विजय शर्मा, नितिन शर्मा, निरंजन शर्मा, आशुतोष शर्मा, सचिव देवेन्द्र व्यास, सह सचिव विवेक शर्मा, अजय शर्मा, अवधेश अग्निहोत्री, दीपक व्यास, कोषाध्यक्ष दिपेश अग्निहोत्री आदि सम्मानित सदस्य को नियुक्त किया गया तथा नवीन कार्यकारिणी के नियुक्त सभी पदाधिकारियों एवं सदस्यों को सम्मान

किया गया। सामाजिक बैठक का संचालन नन्दकिशोर अग्निहोत्री एवं आभार बद्रीलाल शर्मा ने माना। इस अवसर पर उक्त बैठक में समाजजन सत्यनाराण शर्मा पं. जगदीश शर्मा, पं. रविदत्त पौराणिक, कैलाश हलवाई, दिनेश शर्मा, नरेन्द्र शर्मा, ओमप्रकाश अग्निहोत्री, परमेश्वर अग्निहोत्री, द्वाराका प्रसाद, मुनीम श्याम व्यास, देवेन्द्र शर्मा, अशोक शर्मा, अरविन्द व्यास, सतीश शर्मा, मनीष पटेल, चेतन पटेल, दुर्गाशंकर पटेल आदि समाजजन उपस्थित रहे।

विद्यार्थियों को रक्षा संबंधी करियर मार्गदर्शन दिया

घट्टिया। संदीपनि शासकीय उत्कृष्ट उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में चल रहे करियर मार्गदर्शन मेले में गुरुवार को रक्षा क्षेत्र विशेषज्ञ करियर काउंसलर अरुण चौहान ने उपस्थित विद्यार्थियों को रक्षा क्षेत्र से संबंधित विभिन्न करियर विकल्पों के बारे में जानकारियां देकर विद्यार्थियों के प्रश्नों का सारगर्भित उत्तर देते हुए कहा कि स्वस्थ शरीर ही सफलता की कुंजी है।

ज्ञात हो कि उक्त करियर मेला लोक शिक्षण संचनालय के निर्देश अनुसार 27 से 31 जनवरी तक आयोजित किया जा रहा है। जिसमें विद्यार्थियों को विभिन्न करियर विकल्प के बारे में विभिन्न करियर काउंसलर, उद्यमी तथा शिक्षाविद द्वारा विद्यार्थियों को करियर मार्गदर्शन दिया जाएगा। स्कूल प्राचार्य सुनील नामदेव ने चर्चा में बताया की पुराने समय में विद्यार्थियों को सही समय पर उचित मार्गदर्शन नहीं मिल पाता था। इसीलिए कई प्रतिभावान विद्यार्थी अच्छी शिक्षा हासिल करने के बावजूद बड़े मुकाम हासिल नहीं कर पाए। इसी के चलते शासन की योजना अनुसार विद्यार्थियों को मार्गदर्शन दिया जा रहा है। जिससे की वे उचित करियर चुनकर सफ़लता प्राप्त कर सके। कार्यक्रम में कक्षा 9 से 12 तक सभी विद्यार्थियों ने उत्सुकता से भाग लिया। स्कूल स्टाफ ने भी अपनी भागीदारी की। कार्यक्रम का संचालन करियर काउंसलिंग इंचार्ज सुनील कुमावत ने किया।

एक नजर ▶ देशभक्ति थीम आधारित रंगारंग प्रस्तुतियों ने समा बांधा

नवीन शिशु वाटिका भवन के लिए धर्मपत्नी की स्मृति में ओझा ने दिया 3 लाख का दान

बड़नगर। स्थानीय सरस्वती विद्या मंदिर उ.मा.वि पर देशभक्ति थीम आधारित रंगारंग प्रस्तुतियों ने समा बांधा। बच्चों की प्रस्तुतियों से भाव विभोर हुए दर्शक। सुंदर प्रस्तुतियों से अभिभूत होकर कार्यक्रम के मुख्य अतिथि अधिवक्ता सतीश चंद्र ओझा ने विद्यालय परिसर में निर्मित होने वाली शिशुवाटिका हेतु 3 लाख रुपये की सहयोग राशि अपनी धर्मपत्नी की स्मृति में देने की घोषणा की।

अध्यक्षता महिला एवं बाल कल्याण समिति के अध्यक्ष अशोक गोधा, विशिष्ट अतिथि संस्था सचिव आशीष शुक्ला, उप प्राचार्य देवेंद्र प्रसाद शर्मा मंचासीन थे। मुख्यवक्ता सतीश चंद्र ओझा ने उपस्थित जनों के सम्मुख अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि हम संकल्प ले कि हम सशक्त बने स्वावलंबी बने एवं यातायात के नियमों का पालन करें। समिति के अध्यक्ष अशोक गोधा ने भैया बहनों को पढ़ाई पर ध्यान देने का आग्रह

किया एवं उनके आगामी परीक्षाओं में अच्छे अंक के साथ उज्जवल भविष्य की कामना की। विद्यार्थियों द्वारा देश भक्ति आधारित थीम पर हिन्दी, अंग्रेजी, संस्कृत भाषा में भाषण व गीतों की प्रस्तुती एवं जहां डाल डाल पर सोने की चिड़ियां करती हे बसेरा, बंदे में है दम, ए मेरे वतन के लोगों गीतों पर विद्यार्थियों ने प्रस्तुतियां दे कर सभी का मन मोह लिया। अतिथियों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत करने वाले विद्यार्थी, राष्ट्रीय एवं राज्य स्तर पर खेल के क्षेत्र मे उपलब्धि हासिल करने वाले विद्यार्थियों को प्रतीक चिन्ह और प्रमान पत्र दे कर पुरस्कृत किया गया। विद्यालय स्थर पर विभिन्न बौद्धिक प्रतियोगियाओं मे प्रथम द्वितीय स्थान वाले विद्यार्थियों को भी प्रतिक चीन्ह प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया।

इस दोरान समिति के पदाधिकारी सदस्य सतीश गहलोत, शांतिलाल गोयल, सत्यनारायण पांचाल, चेतनपुरी गोस्वामी, सांवरिया शर्मा, अभिभावक गण, पाली प्रमुख अनिल चौहान, हिम्मत सिंह सिसोदिया, शिशु विभाग प्रमुख कविता मकवाना, सह पाली प्रमुख मुकेश प्रजापत, नीलम शर्मा एवं समस्त आचार्य परिवार उपस्थित था। कार्यक्रम का प्रारंभ दीप प्रज्जवलन कर किया गया। सरस्वती वंदना दीपमाला पाटीदार एवं अंतिमबाला शर्मा, अतिथि परिचय हिम्मत सिंह सिसोदिया, स्वागत पल्लवी मुकाती तथा नेहा गोस्वामी, संचालन हर्षित शर्मा तथा पंकज पांडे, आभार उप प्राचार्य देवेंद्र प्रसाद शर्मा ने माना। जानकारी योगेश जोशी आचार्य ने दी।